**प्रश्न 31. प्रधानाचार्य को छात्रवृत्ति के लिए आवेदन-पत्र लिखिए।** (CBSE 2012, 11, 10, Term I, Set B-20, HB-70)

उत्तर—

सेवा में,

प्रधानाचार्य महोदय,

सरस्वती विद्या मन्दिर,

कानपुर।

**विषय—छात्रवृत्ति के सम्बन्ध में।**

महोदय,

सविनय निवेदन है कि मैं आपके विद्यालय की कक्षा दसवीं 'बी' का छात्र हूँ। मैं अपनी पिछली कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करता रहा हूँ। नवीं कक्षा में 94 प्रतिशत अंक पाकर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। पढ़ाई के साथ-साथ वाद-विवाद, भाषा तथा कविता-पाठ प्रतियोगिताओं में भी मैंने कई पुरस्कार जीते हैं।

मेरे पिताजी पिछले वर्ष से गम्भीर रूप से अस्वस्थ हैं जिसके कारण वे अपनी नौकरी से अवकाश पर चल रहे हैं। हम तीन भाई-बहन हैं जो छठी, आठवीं तथा दसवीं में पढ़ते हैं। महँगाई के कारण गुजारा करना मुश्किल हो रहा है। अतः विनम्र प्रार्थना है कि मुझे छात्रवृत्ति प्रदान करें जिससे कि मैं पढ़ाई जारी रख सकूँ। आपकी इस कृपा के लिए मैं सदैव आभारी रहूँगा।

धन्यवाद!

आपका आज्ञाकारी शिष्य

अवनीश दुबे

दिनांक ............

**... बोर्ड परीक्षाओं में होने वाली परेशानी और उसके**